तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **जितेन्द्र परिहार बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या ऑनलाईन अपील संख्या—353608281045376	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09—12—24	अपीलार्थी जितेन्द्र परिहार निवारी रतियों की ढाणी, भोपालगढ़ ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 19/09/2024 में ऑनलाईन आवेदन पत्र 353407784837139 में वर्णित बिन्दुओं से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर उभय पक्ष अनुपस्थित तथा रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर—ग्रामीण	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.09 13:33:58 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12310140